# भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान

(वि. अ. आयोग अधिनियम 1956 की धारा 3 के अधीन मानित विश्वविद्यालय घोषित)

अंतरिक्ष विभाग, भारत सरकार

**गणित विभाग**

# युवा प्रतिभा पोषण - 2024

https://www.iist.ac.in/ytn2024

**मई 27 से जून 8, 2024 तक**

## कार्यक्रम का लक्ष्य

भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान में गणित विभाग वर्ष 2013 से अपनी प्रमुख पहल "युवा प्रतिभा पोषण" (वाई टी एन) का नेतृत्व किया है। वाई टी इन का लक्ष्य छात्रों के उभरते गणितीय दिमाग को विकसित करना, उनकी तार्किकता, विश्लेषणात्मक क्षमताओं एवं समस्या समाधान कौशल को बढ़ाना और प्रगत गणित एवं अनुप्रयोग के विविध क्षेत्रों में महत्वपूर्ण चुनौतियों से निपटने के लिए प्रतिभागियों को तैयार करना है। कार्यक्रम की अवधि दो सप्ताह है और मई 27 से जून 8, 2024 तक निर्धारित है।

## सम्मिलित विषय

- ऐब्स्ट्रैक्ट ऐल्जिब्रा
- कॉम्प्लेक्स ऐनालिसिस
- मशीन लर्निंग का परिचय
- ऐनालिसिस ऐन्ड मैट्रिक स्पेसस
- डिफरेन्शियल इक्वेशन

## प्रतिभागिता के लिए पात्रता

जिन छात्रों ने बी. एस. सी / बी. टेक / एकीकृत बी. एस. - एम. एस का तीसरा वर्ष / छठा सत्रक / एक विषय के रूप में गणित के साथ एकीकृत एम. एससी पूरा किया है, वे इसके लिए आवेदन कर सकते हैं ।

## आवेदन कैसे करें

छात्रों से अनुरोध है कि वे इस लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करें:

https://www.iist.ac.in/ytn2024

ऑनलाइन पंजीकरण अप्रैल 01, 2024 (अपराह्न) से शुरू होता है। कृपया ध्यान दें कि गणित के प्रोफेसर का संपर्क विवरण (ई-मेल) भरना अनिवार्य है जिनके साथ आवेदक का घनिष्ठ संबंध है।

## महत्वपूर्ण तिथियां

- ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख : अप्रैल 28, 2024
- सिफारिश पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख : अप्रैल 29, 2024
- चयनित उम्मीदवारों की सूची प्रकाशित करने की तारीख : मई, 03, 2024

## उम्मीदवारों का चयन

- उम्मीदवारों का चयन पूर्ण रूप से योग्यता, शैक्षिक अभिलेख और जिस गणित आचार्य के साथ घनिष्ठ संबंध है, उनके सिफारिश पत्र के आधार पर किया जाएगा।
- केवल चयनित उम्मीदवारों को सूचित किया जाएगा।
- चयनित उम्मीदवारों को कार्यक्रम की पूरी अवधि के दौरान निःशुल्क भोजन एवं आवास उपलब्ध कराया जाएगा।

## आईआईएसटी के गणित विभाग के बारे में

गणित विभाग, आईआईएसटी, पी. एच. डी. कार्यक्रम और मशीन लर्निंग एवं कंप्यूटिंग में एम. टेक. कार्यक्रम प्रदान करता है। इनके अलावा विभाग अन्य विभागों के स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के लिए गणित पाठ्यक्रम प्रदान करता है। वर्तमान में, विभाग में ग्यारह संकाय सदस्य हैं, जो गणितीय नियंत्रण सिद्धांत, सस्पेंशन रियोलॉजी, आंशिक अवकल समीकरण (पार्शियल डिफरेन्शियल ईक्वेशन्स), अवकल ज्यामिति (डिफरेन्शियल जियोमेट्री) एवं उसके अनुप्रयोग, अनुप्रयुक्त प्रायिकता (अप्लाइड प्रोबबिलिटी) एवं स्टोकेस्टिक प्रक्रियाएं, तरल गतिकी अभिकलनात्मक आंशिक अवकल समीकरण के लिए संख्यात्मक हल (न्यूमरिकल सोल्यूशन्स टु फ्लूईड डाइनामिक्स कंप्युटेशनल पार्शियल डिफरेन्शियल ईक्वेशन्स), आंशिक अवकल समीकरण के संख्यात्मक हल (न्यूमरिकल सोल्यूशन्स टु पार्शियल डिफरेन्शियल ईक्वेशन्स), क्रमविनिमेय बीजगणित (कम्यूटेटिव ऐल्जिब्रा), मशीन लर्निंग एल्गोरिदम एवं अनुप्रयोग तथा नियंत्रण एवं प्रतिलोम समस्या (इनवर्स प्रॉब्लम्स) आदि क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं।

विस्तृत जानकारी के लिए https://www.iist.ac.in/ytn2024 लिंक देखें।

## संपर्क विवरण


☎ दूरभाष: 0471-2568544; फैक्स: 0471-2568462

ई-मेल: maths.ytn@iist.ac.in

संयोजक: कौशिक मुखार्जी एवं प्रोसेनजित दास

✉ पता: संयोजक, युवा प्रतिभा पोषण,
गणित विभाग,
भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान,
वलियमला पी ओ, तिरुवनंतपुरम - 695 547